बी.एड. (विभागीय), एम.एड.(विभागीय) दोनों शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों व अनुदान प्राप्त शिक्षा महाविद्यालय कल्याण कालेज, भिलाई नगर में संचालित एम.एड.(सीधी भर्ती) के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देश

A. बी.एड. (विभागीय) के लिए –

1. SCERT रायपुर के वेबसाइट "scert.cg.gov.in" में जाकर प्रवेश नियमों का अध्ययन कर लेवें इसके बाद "Apply for Departmental B.Ed." लिंक को क्लिक करें इससे एक अन्य विन्डों खुलेगा।
2. निर्देशों को ध्यान से पढ़े। आगे बढ़ने से पूर्व अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर को अलग–अलग स्कैन करके रखें। स्कैन किए हुए फाइल की अधिकतम साइज 40 KB का हो।
3. अपनी व्यक्तिगत, वर्तमान कार्यरत संस्था व विभाग से संबंधित जानकारी, शैक्षणिक व व्यावसायिक अर्हताओं की जानकारियाँ (10^{th}, 12^{th}/11^{th} Old Course, स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि की जानकारी अनिवार्य है) फार्म में भरे। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें।
4. ऑनलाइन फार्म में भरे जानकारियों को अच्छी तरह से मिलान कर लेवें, विशेष रुप से वर्तमान पद एवं वर्तमान पद पर वरिष्ठता को, पूर्ण रुप से संतुष्ट होने पर आवेदन को Final Submit करें (Final Submit के पश्चात आपका आवेदन पूर्ण माना जायेगा) एवं प्रिन्ट आऊट लेवें।
5. आप अपना Login ID एवं पासवर्ड नोट करके रख लें, भविष्य में अतिरिक्त जानकारियां आपके Login पर प्रदर्शित की जा सकती है।
6. आवेदन का प्रिन्ट आऊट लेकर नियमानुसार संबंधित अधिकारियों से अग्रेषित करायें।
7. अग्रेषित आवेदन को आवश्यक दस्तावेजों / प्रमाण पत्र के साथ संलग्न कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से संबंधित शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के पहले जमा करावें। निर्धारित तिथि तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा।
8. फार्म का कोई शुल्क जमा नहीं करना है परन्तु यदि आप साइबर कैफे का फार्म भरने के लिए उपयोग करते है तो वह आपसे इंटरनेट, स्कैन, व प्रिन्टआऊट का शुल्क ले सकते है।

B. एम.एड. (विभागीय) के लिए –

1. SCERT के वेबसाइट में जाकर निर्देश/नियमों का अध्ययन करने के पश्चात् "Apply for Departmental M.Ed." लिंक को क्लिक करें। इससे एक अन्य विन्डों खुलेगा।
2. शेष निर्देश A (3) से A (9) तक अनुसार होगा परन्तु M.Ed.हेतु B.Ed. की जानकारी देना अनिवार्य है।

C. एम.एड. (सीधी भर्ती) के लिए –

1. SCERT के वेबसाइट में जाकर निर्देश/नियमों का अध्ययन करने के पश्चात् "Apply for M.Ed.(Pre Service)" लिंक को क्लिक करें।
2. निर्देशों को ध्यान से पढ़े। अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर को स्कैन करके जहां पर फोटोग्राफ व हस्ताक्षर अपलोड करना है वह अपलोड करें। स्कैन किये हुए फाइल की अधिकतम साइज 40 KB का मान्य होगा।
3. अपनी व्यक्तिगत, शैक्षणिक व व्यावसायिक अर्हताओं की जानकारियाँ (10th, 12th/11th Old Course, स्नातक/स्नातकोत्तर/B.Ed.उपाधि की जानकारी अनिवार्य है) फार्म में भरे।
4. ऑनलाइन फार्म में भरे जानकारियों को अच्छी तरह से मिलान कर लेवें विशेष रुप से वर्ग (SC/ST/OBC/GEN) जन्मतिथि एवं B.Ed. के प्राप्तांक को। पूर्ण रुप से संतुष्ट होने पर आवेदन को Final Submit करें (Final Submit के पश्चात आपका आवेदन पूर्ण माना जायेगा) एवं प्रिन्ट आऊट लेवें।
5. आप अपना Login ID एवं पासवर्ड नोट करके रख लें, भविष्य में अतिरिक्त जानकारियां आपके Login पर प्रदर्शित की जा सकती है।
6. आवेदन के प्रिन्ट आऊट में आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न कर संबंधित शिक्षा महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के पूर्व जमा करें।

नोट :– कोई समस्या या ऑनलाइन फार्म जमा करने के संबंध में पूछताछ के लिए परिषद् के श्री दिवाकर निमजे से दूरभाष क्रमांक 7587499974 पर संपर्क करें।

संचालक के आदेशानुसार